दिनांक 16 सितंबर 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

दुर्ग जिले में मोबाइल मेडिकल यूनिट के बेहतर संचालन के लिए निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने ली बैठक

- जिले में 173072 मरीजों का अब तक हो चुका है उपचार - मोहल्ले में मुफ्त स्वास्थ्य सेवा मिलने से वरदान साबित हो रही है मोबाइल मेडिकल यूनिट

भिलाई नगर/ कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर आज निगमायुक्त सह अर्बन पब्लिक सोसाइटी के सचिव प्रकाश सर्वे ने दुर्ग जिले में चिकित्सा सेवा प्रदान करने वाली मोबाइल मेडिकल यूनिट के बेहतर संचालन के लिए टीम में शामिल मेडिकल स्टाफ की बैठक ली! आयुक्त ने दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली , उन्होंने कहा कि पर्याप्त मात्रा में दवाइयों का स्टॉक उपलब्ध रहे , जहां भी स्वास्थ्य शिविर लगने वाला हो उसका पूर्व से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित हो, निर्धारित समय पर मेडिकल टीम उपस्थित रहे! उन्होंने आगे कहा कि शिविर में आने वाले मरीजों को स्वस्थ करने में पूरे मेडिकल स्टाफ की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, सभी की अलग-अलग जिम्मेदारी तय है, मरीज को बेहतर मेडिकल फैसिलिटी उपलब्ध कराते हुए स्वस्थ करके भेजना शिविर का प्रमुख उद्देश्य है! इसलिए सारे मेडिकल उपकरण अच्छी अवस्था में रहे! उल्लेखनीय है कि माननीय मुख्यमंत्री जी की पहल से मोहल्ले में ही बेहतर उपचार लोगों को मिल रहा है ! मुफ्त में इलाज के साथ ही दवाइयां भी फ्री में मिल रही है!

जनसंपर्क अधिकारी